समाचार

सार्वजनिक शौचालय में अव्यवस्था पर आयुक्त हुए नाराज, संचालन एजेंसी को लगाई फटकार, व्यवस्थाओं का तत्काल सुधार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने दिए निर्देश

(स्वच्छता महाअभियान के पांचवें दिन आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय राताखार व दर्री कलमीडुग्गू पहुंचे, बस्तियों का पैदल भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण)

कोरबा 30 जनवरी 2025 – दर्री स्थित सार्वजनिक शौचालय में अव्यवस्था का आलम देख आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए वहॉ के केयरटेकर एवं संचालन एजेंसी सुलभ इंटरनेशनल के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाई। उन्होने शौचालय की व्यवस्था को तत्काल सुधारने एवं निर्धारित प्रतिमानों के अनुरूप व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में संचालिक कराए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के पांचवें दिन आज वार्ड क्र. 03 राताखार व वार्ड क्र. 43 हसदेव क्रमांक 01 कलमीडुग्गू दर्री में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर व्यापक स्तर पर साफ–सफाई के कार्य किए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डों में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होने दर्री मुख्य मार्ग स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया एवं वहॉ फैली अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जाहिर की, आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के सभी सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में निर्धारित प्रतिमानों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बस्तीवासियों से चर्चा कर सफाई कार्यो की स्थिति जानी – आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज अभियान के दौरान वार्ड क्र. 03 राताखार की टीनादफाई, टावर चौक, अटल आवास, बजरंग चौक, नदीपारा, कहरापारा, मस्जिद रोड सहित अन्य बस्तियों, सड़कों व मार्गो तथा वार्ड क्र. 43 हसदेव क्रमांक 01 के

कमलीडुग्गू दर्री आदि का पैदल भ्रमण कर वहॉ के रहवासियों से साफ–सफाई कार्यो की जानकारी ली। उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि उनकी बस्ती में नियमित सफाई होती है या नहीं, स्वच्छता दीदियॉ कचरा लेने प्रतिदिन उनके घरों में पहुंचती है या नहीं, इस पर बस्तीवासियों ने बताया कि स्वच्छता दीदियॉ प्रतिदिन रिक्शा लेकर आती हैं तथा उनके घरों से कचरा संग्रहण कर ले जाती हैं, इस दौरान बस्तीवासियों ने निगम के साफ–सफाई कार्यो पर अपनी संतुष्टि भी जाहिर की।

स्कूलों की स्वच्छता पर छात्र–छात्राओं से चर्चा – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने विद्यालय जा रहे छात्र–छात्राओं से चर्चा कर उनके विद्यालयों की स्वच्छता, शौचालयों की उपलब्धता एवं उनकी साफ–सफाई, पानी की उपलब्धता, छात्र–छात्राओं हेतु पृथक–पृथक शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय परिसर तथा कक्षों की साफ–सफाई की जानकारी ली। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों की स्वच्छता व साफ–सफाई पर भी नजर रखें एवं समय–समय पर वहॉ का निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधन से स्कूलों की साफ–सफाई व स्वच्छ शौचालय आदि की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहें।

टोल फ्री नम्बर 1100 पर करें शिकायत – इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से पूछा कि यदि निगम से संबंधित कार्यो यथा– साफ–सफाई, पेयजल, सडक रोशनी या अन्य किसी समस्या से संबंधित शिकायत करनी हो तो वे किस नम्बर पर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे, इस पर कुछ लोगों ने सकारात्मक जवाब दिया तथा कुछ ने अनभिज्ञता जाहिर की। इस पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने उनसे कहा कि वे अपनी शिकायतें टोल फ्री नम्बर 1100 में फोन कर दर्ज कराएं, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

दुकानों, पानठेलों पर डस्टबिन क्यों नहीं – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने देखा कि बस्तियों में स्थित अनेक दुकानों, ठेलों आदि में डस्टबिन नहीं रखे गए हैं, परिणाम स्वरूप ठेलों व दुकानों के आसपास गुटके, पाउच व अन्य अपशिष्ट बिखरे पड़े हैं, जो सड़कों में गदंगी की स्थिति पैदा करते हैं। उन्होने दुकान, ठेला संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा दुकान पर आए ग्राहकों से डस्टबिन में ही अपशिष्ट डालने का आग्रह करें ताकि सड़कों पर गदंगी न फैले।

सड़क में सी.एण्ड डी.वेस्ट पर अप्रसन्नता – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने पाया कि बस्तियों में अनेक स्थानों पर सड़क में सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्रियॉ डम्प की गई हैं, जिससे वहॉ से आवागमन करने वाले आमनागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, दुर्घटना की संभावना भी बन रही है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने सड़क में रखे सी.एण्ड डी.वेस्ट व निर्माण सामग्री पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें हटवाने व सड़कों को बाधारहित बनाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

31 जनवरी को इन वार्डो में अभियान – शुक्रवार 31 जनवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 24 महाराणा प्रताप नगर एवं वार्ड क्र. 35 रिसदा बालकोनगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई जाएगी तथा एक अभियान के रूप में साफ–सफाई के कार्य कराए जाएंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन वार्ड के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे निगम के साफ–सफाई कार्यो में अपना सहयोग दें।

अभियान के दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा के साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, प्रकाश चन्द्रा, अजीत तिग्गा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, सुनील टांडे, सुनील वर्मा, रमेश सूर्यवंशी, सोमनाथ डेहरे, अविनाश जायसवाल, दिलेश्वर, पुरूषोत्तम शर्मा, धनमोहन, पकंज गभेल आदि सहित निगम के सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों ने अपनी सहभागिता दी।